DOON UNIVERSITY
NEWSPAPER CLIPPING SERVICES

दून विश्वविद्यालय ने पंजाब विवि समेत दो से किया करार

- अब छात्रों को मिलेंगे कौशल विकास और प्रशिक्षण के बेहतर अवसर
- अनुसंधान के क्षेत्र में पंजाब यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर करेंगे काम

देहरादून, मुख्य संवाददाता। दून विश्वविद्यालय ने पंजाब यूनिवर्सिटी और इंडिया सोसायटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट (आईएसटीडी) नई दिल्ली के साथ दो समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इससे छात्रों को कौशल विकास और प्रशिक्षण गतिविधियों के साथ ही हिमालयी राज्यों के अध्ययन और परियोजनाओं पर काम करने का मौका मिलेगा।

मंगलवार को दून विवि की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल की मौजूदगी में पहले एमओयू पर रजिस्ट्रार डॉ. एमएस मंद्रवाले और आईएसटीडी की अनीता चौहान और दूसरे एमओयू पर पंजाब यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार ने हस्ताक्षर किए। आईएसटीडी के देशभर में 54 चैप्टर हैं और 12 हजार से अधिक पेशेवर इससे जुड़े हैं। पंजाब यूनिवर्सिटी को विज्ञान और प्रौद्योगिकी, मानविकी, सामाजिक विज्ञान और अनुसंधान में उत्कृष्टता हासिल है। डंगवाल ने कहा कि दोनों समझौते छात्रों के लिए कारगर साबित होंगे। आईएसटीडी से राज्यभर में कौशल विकास और प्रशिक्षण गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। पंजाब विवि के साथ करार से नीति निर्माण क्षेत्र और हिमालयी राज्यों में अध्ययन के साथ अनुसंधान में छात्रों को बेहतर मौके मिलेंगे।

पंजाब विवि का प्रतिनिधित्व प्रो. कश्मीर सिंह ने किया। इस मौके पर डॉ. एसी जोशी, प्रो. आरपी ममगाईं, प्रो. एचसी पुरोहित के साथ यूजेवीएन के ईडी राजेंद्र सिंह, जीएम ब्रिडकुल अनूप कुमार, कर्नल डीपी डिमरी, निधि जोशी, अजय बिष्ट मौजूद रहे।

News paper – Hindustan
Date – 14.02.2024